तापमान
अधिकतम 34 डिग्री
न्यूनतम 21 डिग्री

हरिभूमि
# सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, शुक्रवार, 27 फरवरी 2026
[ अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज ]

4 होलाष्टक के पूर्व पूजा उपरांत ननि के नए भवन में शुरू हुआ कामकाज



## खबर संक्षेप

### जिला अस्पताल में हृदय रोग जांच कैंप 28 को

**अम्बिकापुर।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि जिला मुख्यालय अम्बिकापुर में राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम चिरायु अंतर्गत जिला स्तरीय स्वास्थ्य शिविर का आयोजन 28 फरवरी को सुबह 10 बजे से 100 बिस्तरीय मातृ एवं शिशु अस्पताल जिला चिकित्सालय अम्बिकापुर में हृदय रोग जांच कैंप का आयोजन किया जाएगा। जिसमें एमएमआई नारायणा हॉस्पिटल रायपुर के कार्डियोलॉजिस्ट विशेषज्ञों व चिकित्सक दल उपस्थित रहेंगे। हृदय रोग से संबंधित बच्चे शिविर स्थल में उपस्थित होकर निःशुल्क स्वास्थ्य लाभ प्राप्त कर सकते है।

### युवक की संदिग्ध हालत में मौत

**अम्बिकापुर।** रघुनाथनगर निवासी श्याम धारी आ. शिवनाथ अगरिया (23 वर्ष) पिछले पांच दिन से बुखार से पीड़ित था। गत दिन युवक हाथ पैर में दर्द तथा बुखार होने की बात परिजन को बताया। परिजन युवक को उपचार के लिए वाड्रफनगर अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया। परिजन युवक को मेडिकल कॉलेज अस्पताल लेकर पहुंचे जहां आपात कालीन केंद्र में चिकित्सकों ने जांच उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया।



**रमज़ान मुबारक**
**नौवां रोज़ा**
आज का इफ्तार - 6.04 बजे
कल की सेहरी - 4.57 बजे

### वार्डवासियों ने की थी शिकायत

# अस्पताल के बाहर से ट्रांसफार्मर हटाने को लेकर विवाद के बाद जमकर हुई मारपीट

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

शहर के लक्ष्मी नारायण हॉस्पिटल के बाहर लगे ट्रांसफार्मर को हटाने की मांग को लेकर चल रहे प्रदर्शन ने उग्र रूप ले लिया। सड़क किनारे रिहायशी क्षेत्र में ट्रान्सफार्मर लगाए जाने का विरोध कर रहे क्षेत्रवासियों ने जमकर नारेबाजी की। इस दौरान सुबह से लेकर शाम तक क्षेत्र में गहमा गहमी का माहौल बना रहा लेकिन शाम होते होते विरोध प्रदर्शन अचानक मारपीट में बदल गया। दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हुई। मारपीट की सूचना मिलने के बाद एसडीएम, एएसपी, सीएसपी सहित पुलिस एवं राजस्व के अधिकारी पहुंचे। पुलिस ने फिलहाल स्थिति को नियंत्रण में कर लिया है और दोनों पक्षों की ओर से शिकायत दर्ज कराई गई है।

**खास बात**
- कार्रवाई नहीं होने से आक्रोशित लोगों किया विरोध, दिनभर चला हंगामा

बता दें कि शहर के गुदरी चौक विजय मार्ग में डॉ. प्रतीक खरे का लक्ष्मी नारायण हॉस्पिटल संचालित है। इस हॉस्पिटल के भवन को लेकर पहले से विवाद चल रहा है और भवन अनुज्ञा के विपरीत निर्माण किए जाने के कारण अतिरिक्त निर्माण तोड़ने का आदेश है। इस बीच अस्पताल के बाहर ट्रान्सफार्मर लगाए जाने से एक नया विवाद खड़ा हो गया था। सड़क किनारे बैंक के सामने और व्यस्त रोड में इस तरह ट्रांसफार्मर लगाए जाने का वार्ड वासियों द्वारा विरोध किया जा रहा था और वार्डवासियों ने इसकी शिकायत नगर निगम और सीएसईबी से भी की थी। वार्डवासी उषा शर्मा ने भी इस सम्बन्ध में लिखित शिकायत दी थी जिसके बाद ननि आयुक्त द्वारा इस मामले की जांच की। जांच में भी यह बात सामने आई की उक्त ट्रांसफार्मर भवन अनुज्ञा के अनुसार पार्किंग के लिए छोड़ी गई भूमि पर लगाया गया है जो की पूर्ण रूप से गलत है। इसके साथ ही इस तरह ट्रान्सफार्मर स्थापित किए जाने से पार्किंग की असुविधा, दुर्घटना की संभावना बनी हुई थी। यही वजह है कि नगर निगम ने उक्त ट्रांसफार्मर को हटाने के लिए 25 फरवरी को सीएसईबी के कार्यपालन यंत्री को लिखा था। इसी कड़ी में गुरुवार को विद्युत विभाग ट्रासफार्मर को हटाने के लिए पहुंचा था। ट्रांसफार्मर थाए जाने को लेकर कोतवाली प्रभारी के साथ ही पुलिस बल मौके पर तैनात थी।



विवाद करते युवा।

### विरोध के बाद बढ़ा विवाद

कारवाई के दौरान डॉ. प्रतीक खरे ने दलील दी कि ट्रांसफार्मर हटाए जाने से अस्पताल में मरीजों को कुछ होता है तो इसकी जवाबदेही प्रशासन की होगी इसके बाद डरकर विद्युत विभाग ने अपनी कार्रवाई रोक दी। कार्रवाई रुकने के बाद स्थानीय लोगों का आक्रोश भड़क उठा। आक्रोशित लोगों ने अस्पताल प्रबन्धन के खिलाफ नारेबाजी की। लोगों का कहना था कि जब पूर्व में ही ट्रान्सफार्मर को लगाने के विरुद्ध शिकायत दी गई थी तो फिर इसमें विद्युत कनेक्शन कैसे प्रदान कर दिया गया। स्थानीय लोगों के विरोध को देखते हुए विद्युत विभाग का अमला दुबारा हॉस्पिटल पहुंचा और विरोध के बीच विद्युत कर्मियों ने ट्रांसफार्मर की बिजली काट दी।

#### दोनों पक्षों में हुई मारपीट

बताया जा रहा है कि शाम को विरोध प्रदर्शन के दौरान दोनों पक्षों के बीच शुरू हुई बहसबाजी अचानक ही मारपीट में बदल गई। इस दौरान दोनों पक्षों से हाथापाई हुई। विवाद के दौरान कुछ लोगों ने डॉक्टर की गाड़ी में भी तोड़फोड़ की। विवाद बढ़ने की सूचना मिलने पर एसडीएम फागेश सिन्हा, एएसपी अमोलक सिंह, सीएसपी राहुल बंसल, तहसीलदार उमेश कुमार बाज सहित प्रशासनिक अधिकारी व पुलिस अधिकारी पहुंचे। स्थानीय लोगों ने हॉस्पिटल का संचालन तत्काल बंद कराने की मांग रखी। वहीं इस मामले में दोनों पक्षों की ओर से थाने में शिकायत दर्ज कराई गई है।

#### हटाने लिखा गया था पत्र

उक्त भवन को लेकर पहले से ही विवाद है। इसके अतिरिक्त ट्रांसफार्मर जिस स्थान पर लगाया गया है वह नक़्शे में पार्किंग के लिए निर्धारित है। वार्डवासियों की शिकायत के बाद ट्रांसफार्मर को हटाने के लिए पत्र लिखा गया था। जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

-डीएन कश्यप, आयुक्त ननि

#### चल रही है जांच

दोनों पक्षों की ओर से शिकायत दी जा रही है। शिकायत के आधार पर जांच कर कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल स्थिति नियंत्रण में है।

-अमोलक सिंह ढिल्लो
सीएसपी

# वन विभाग ने ग्रामीण के घर से जब्त किया एक लाख रूपए की सागौन सिल्ली

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

वन विभाग ने अवैध रूप से सागौन लकड़ी का भंडारण करने के मामले में कार्रवाई की है। विभाग के घर से एक लाख रुपए का सागौन चिरान जब्त किया है।

- ग्रामीण ने अपने घर में किया था अवैध भण्डारण

बताया जा रहा है कि वन विभाग को 24 फरवरी को सूचना मिली थी कि लुंड्रा के करदोनी निवासी नानसाय आ. अलियार व उसके भाई हिरासाय के घर सागौन लकड़ी का अवैध रूप से भंडारण किया गया है। सूचना के बाद डीएफओ अभिषेक जोगावत के निर्देश पर उप वन मंडलाधिकारी के नेतृत्व में तलाशी अभियान चलाया गया। कार्रवाई के दौरान वन विभाग ने हीरा साय के घर से 27 नग सौं सिल्ली जब्त किया जबकि नानसाय के घर से पुराने काष्ठ बरामद हुए जिसका ग्रामीण के पास कोई वैध दस्तावेज नहीं था। पुराने काष्ठ के एवज में राशि वसूल करने की कार्रवाई की गई जबकि 27 नग सागौन सिल्ली को जब्त किया गया। जब्त सागौन की कीमत 1 लाख रुपए आंकी गई है व जब्त सागौन सिल्ली को काष्ठागार अम्बिकापुर में रखा गया है। डीएफओ श्री जोगावत ने बताया कि जब्त सागौन सिल्ली राष्ट्रीयकृत वनोपज की श्रेणी में आती है, बगैर वन विभाग की अनुमति के किसी भी प्रकार की कटाई, भण्डारण, परिवहन और बिक्री भारतीय वन अधिनियम 1927 की विभिन्न धाराओं के तहत अवैध है।



जब्ती की कार्रवाई करते वन अधिकारी।

## घाट पर ट्रक का ब्रेक फेल हुआ तो हेल्पर ने लगा दी छलांग, मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

सामरी से बाक्साइट लेकर गढ़वा जा रहे ट्रक का ब्रेक फेल कुसमी जामटोली घाट पर हो गया। ब्रेक फेल होने से वाहन के अनियंत्रित होने पर हेल्पर ने चलते ट्रक से छलांग लगा दी जिससे गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत मृत घोषित कर दिया।

- सामरी से बॉक्साइट लोड कर जा रहे थे गढ़वा

सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार गढ़वा अंतर्गत ग्राम सोनवर्षा निवासी चंदीप पाल आ. संजय पाल (23 वर्ष) पिछले 10-12 दिनों से ट्रक चालक जीजा छोटू पाल के पास हेल्पर कर काम कर रहा था। 23 फरवरी को छोटू पाल सामरी से ट्रक क्रमांक सीजी 15 ईए से 5208 में बॉक्साइट लोड कर मेराल गढ़वा जाने के लिए निकला। जैसे ही चालक वाहन लेकर कुसमी जामटोली घाट पर पहुंचा तभी वाहन का ब्रेक फेल हो गया। चालक छोटू ने ब्रेक फेल हो जाने की बात हेल्पर चंदीप को बताई तो चंदीप चलते ट्रक से छलांग लगा दिया। छलांग लगाने के दौरान हेल्पर का शर्ट गेट के कुंडी में फंस गया जिससे हेल्पर सिर के बल सड़क पर गिर गया। दुर्घटना में चंदीप गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को कुसमी अस्पताल में भर्ती कराया गया। चिकित्सकों ने युवक की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात अंबिकापुर रेफर कर दिया। परिजन युवक को शहर के निजी अस्पताल में लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत मृत घोषित कर दिया।

सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।



